एक नजर में

## अधूर ज्ञान भटकाता है जीवन को



इंदौर. जीवन में अधूरा ज्ञान नहीं लेना चाहिये, कोई भी विषय हो, कोई भी धर्म का अध्याय हो और कोई भी आगम का पाठ हो उसको पुरा करना चाहिये, अधूरा ज्ञान जीवन को भटकाता है. उक्त विचार आज कि धर्म सभा में उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज ने व्यक्त किये. आपने आगे कहा कि आज हम ज्ञाता, प्रश्न व्याकरण सूत्र का अध्यन कर रहे है. कथांग का अर्थ है कि जिसे ज्ञाता ज्ञान प्राप्त होवे ज्ञाता ओर दृष्टा बोध प्राप्त कर लिया वो हि कथांग, वाचना लिख सकता है कथा और रूपक श्रवण करने से ज्ञान जल्दी आता है. ज्ञाता, जन धर्मनिष्ठ बन जावो, कथा में जुड़ जावो, सूत्र में बंध जावो यह चारों वाक्य जीवन में उतर जावे तो कर्म की निर्जरा हो जाती है. श्रावक के जेब मे धन और साधु के कंठ में ज्ञान जरूरी है. मधुर मुनि महाराज के आठ उपवास के पचखान गरूदेव ने करवाये. धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया. आभार रमेश भंडारीने व्यक्त किया.

## करुणा के अभाव में मानवता सार्थक नहीं




इंदौर. अपने मन के अंदर किसी बात को लेकर गांठ रखने या दूसरों के लिए बुरा सोचने वाला व्यक्ति मानवता से कोसों दूर हो जाता है. मानवता तभी सार्थक होगी, जब हम राग-द्वेष से दूर होकर सबके प्रति कल्याण का भाव रखें. करुणा के अभाव में हमारी मनुष्यता सार्थक नहीं हो सकती. मानव जन्म तो करोड़ों लोगों को मिला है, लेकिन यदि उनमें करुणा का भाव नहीं है तो ऐसा जन्म फलीभूत नहीं हो सकता. ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य विश्वरत्नसागर के, जो उन्होंने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में तपस्वीबंधुओं की अनुमोदना एवं गुणानुवाद सभा में व्यक्त किए. तीन दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को तप गुणानुवाद सभा में भगवान आदिनाथ के जयघोष के बीच 30 उपवास के तपस्वी मुनिराज सिद्धरत्न सागर के सभा स्थल पर आगमन प्रसंग पर श्रावकों ने खड़े होकर भगवान आदिनाथ और गुरूवर नवरत्न सागर के जयघोष के बीच उनकी अगवानी की. तपस्वी के वस्त्रों पर स्वस्तिक आलेखन की प्रक्रिया पांच मंडलों की ओर से संपन्न की गई. रतनबाग महिला मंडल, सखी ग्रुप, आदिनाथ महिला मंडल एवं नवग्रह महिला मंडल की ओर से छाब की विधि भी सौल्लास संपन्न हुई. इसके पश्चात विश्वरत्न सागर एवं साधु साध्वी भगवंतों की ओर से भी सभी तपस्वियों की अनुमोदना स्वरूप विभिन्न शास्त्रोक्त क्रियाएं संपन्न हुई। सभा में लाभार्थी परिवारों का बहुमान आयोजन समिति की ओर से संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने किया. सभी समाजबंधुओं की अगवानी शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, मोनिश खूबाजी एवं ऋषभ कोचर द्वारा की गई. धर्मसभा को गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर एवं मुनि प्रवर उत्तमरत्न सागर ने भी संबोधित किया.

## इस्कॉन मंदिर पर जन्माष्टमी महोत्सव कल से



इंदौर. निपानिया स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर पर जन्माष्टमी का महापर्व 9 से 17 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जाएगा. जन्माष्टमी का मुख्य महोत्सव 16 अगस्त को आयोजित होगा. इस दौरान देश-विदेश के अनेक संत-विद्वान भी महोत्सव में शामिल होंगे. गुरुवार को मंदिर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से भेंटकर उनके तीन वर्ष के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में शाल-श्रीफल से उनका सम्मान भी किया. महापौर ने मंदिर से जुड़ी सड़क के आधे-अधूरे निर्माण कार्य को जन्माष्टमी के पूर्व पूरा करने के निर्देश भी दिए, ताकि मंदिर पहुंचने वाले भक्तों को किसी तरह की कोई असुविधा नहीं हो. इस्कान मंदिर पर जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ 9 अगस्त को बलराम पूर्णिमा के उपलक्ष्य में होगा, जो 17 अगस्त तक चलेगा. आज मंदिर निर्माण समिति के शैलेन्द्र मित्तल, हरि अग्रवाल एवं किशोर गोयल एवं अशोक गोयल ने इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु के सानिध्य में महापौर से भेंट की और जन्माष्टमी महोत्सव के कार्यक्रमों का न्यौता देकर शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके तीन वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में उनका सम्मान किया. इस अवसर पर महापौर ने मंदिर से जुड़ी सड़क के आधे-अधूरे निर्माण कार्य को जन्माष्टमी के पूर्व पूरा करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. इस अवसर पर अद्विधरणदास प्रभु एवं लक्ष्मणदास प्रभु सहित इस्कान के अनेक संत एवं भक्त भी उपस्थित थे.

## बिदासरिया अध्यक्ष, अग्रवाल मंत्री निर्वाचित



इंदौर. संस्था फतेहपुरिया समाज के सर्वसम्मति से हुए चुनाव में कैलाश बिदासरिया अध्यक्ष, वासु टिबड़ेवाल उपाध्यक्ष एवं सी.के. अग्रवाल मंत्री चुने गए. चुनाव संचालक हुकमचंद अग्रवाल ने बताया कि अन्य पदाधिकारियों में मुरारी पालड़ीवाला सहमंत्री, सज्जन कुमार गर्ग, देवकीनंदन अग्रवाल सिघानिया एवं नंदकिशोर कंदोई प्रमुख सलाहकार मनोनीत किए गए. इसी तरह प्रवीण मुरारका एवं हुकमचंद अग्रवाल को ऑप्शन सदस्य मनोनीत किए गए. सर्वसम्मति से हुए निर्वाचन के पश्चात मल्हारगंज थाने के पास स्थित समाज भवन पर सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं चुनाव संचालक तथा सलाहकार मंडल के सदस्यों का स्वागत-सम्मान किया गया.

## माहेश्वरी विवाह प्रकोष्ठ का परिचय सम्मलेन अक्टूबर में

इंदौर. वरिष्ठ समाजसेवी स्व. गणेशनारायण भुराड़िया की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले 37 वें परिचय सम्मलेन का आयोजन 4 से 6 अक्टूबर तक दस्तूर गार्डन इंदौर पर संपन्न होगा. माहेश्वरी विवाह प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमल भुराड़िया, सचिव कल्याण मंत्री ने बताया कि समाजों में परिचय सम्मलेन प्रारम्भ करने का श्रेय माहेश्वरी समाज को जाता है. संस्था ने अभी तक 36 परिचय सम्मलेन का आयोजन सफलतापूर्वक किया है एवं लगभग 20 हजार जोड़ें इन सम्मेलनों के माध्यम से विवाह सूत्र में बंधकर सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं. संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटवा एवं रामेश्वरलाल असावा ने बताया कि इस वर्ष परिचय सम्मलेन की सभी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है. किसी भी अभिभावक एवं प्रत्याशी को कागज पर फार्म भरकर भेजने की आवश्यकता नहीं रहेगी. इससे पूरे देश एवं विदेशों से सरलता से फार्म भरे जा सकेंगे. राम मूंदड़ा एवं बसंत खटोड़ ने बताया कि इस बार सभी प्रमुख व्यवस्थाओं का संचालन समाज की वरिष्ठ महिलाओं को सौंपा गया है. प्रत्याशी व अभिभावक सीधे संस्था की वेबसाइट पर जाकर सीधे रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं. वेबसाइट इतनी सरल है कि एक फ़ार्म भरने में मात्र दस मिनिट का समय लगता है.

# ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिले बॉडी वार्न कैमरे

## अब हर कार्रवाई होगी कैमरे की निगरानी में, पारदर्शी होगी यातायात व्यवस्था

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए इंदौर पुलिस ने एक और अहम कदम उठाया है. अब यातायात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान बॉडी वार्न कैमरे पहनने होंगे, जिससे चालानी कार्रवाई से लेकर आमजन से संवाद तक हर गतिविधि रिकॉर्ड में रहेगी.**



पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में, तथा डीसीपी ट्रैफिक अरविंद तिवारी के निर्देशन में इस तकनीकी पहल को जमीन पर उतारा गया है. पहले चरण में 144 बॉडी वार्न कैमरे ट्रैफिक पुलिस के आरक्षक से लेकर सूबेदार स्तर तक के अधिकारियों को दिए हैं. ये कैमरे पुलिसकर्मियों की वर्दी पर लगाए जाते हैं, जो ड्यूटी के दौरान हर कार्रवाई को रिकॉर्ड करते हैं. इससे किसी भी तरह के विवाद या आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति में पुख्ता सबूत उपलब्ध रहेंगे.

### कैसे काम करता है बॉडी वार्न कैमरा...?

पुलिसकर्मी की वर्दी पर फ्रंट साइड में फिट होता है, हर वीडियो क्लिप सीधे डिपार्टमेंट के सर्वर में सुरक्षित होती है, ट्रैफिक विवाद, चालान या शिकायत में उपयोगी होता है.

साथ ही आम जनता के साथ संवाद भी पारदर्शी और जिम्मेदार बना रहेगा. पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की कार्यप्रणाली में सुधार तो आएगा ही, साथ ही आम नागरिकों के साथ उनका व्यवहार भी अधिक संतुलित और व्यवस्थित होगा. इससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास की डोर और मजबूत होगी. डीसीपी ट्रैफिक का कहना हैं कि भविष्य में भी यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी नवाचारों को शामिल किया जाएगा, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित हो और ट्रैफिक प्रबंधन में आधुनिकता का समावेश हो सके.

# स्कार्पियो से हथियारों की सप्लाई, तीन युवक चाकू-पिस्टल के साथ गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में हथियारों की अवैध तस्करी पर शिकंजा कसते हुए राजेन्द्र नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. चौइथराम हनुमान मंदिर की पार्किंग में खड़ी महिंद्रा स्कार्पियो से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया., जिनमें से एक के पास लोडेड देसी पिस्टल और ज़िंदा कारतूस मिला, जबकि बाकी के पास से घातक चाकू बरामद किए.**

थाना प्रभारी निरज बिरथरे ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने स्कार्पियो नम्बर एमपी 09 डब्ल्यूडी 9933 को घेरा और तलाशी के दौरान हथियारों का जखीरा मिला. गिरफ्तार आरोपियों में धार जिले के मनावर का रहने वाला ऋषिराज पिता देवेंद्र मंडलोई, उम्र 24 शामिल है, जिसके कब्जे से लोहे की एक देसी पिस्टल बरामद हुई.

पिस्टल में मैग्जीन पहले से लगी थी और उसमें एक ज़िंदा कारतूस 7.65 एमएम लोड था. साथ ही उसके पास से करीब 10 लाख रुपए कीमत की सफेद रंग की स्कार्पियो कार जब्त की गई.

दूसरा आरोपी शुभम दीक्षित उम्र 30, निवासी सांदीपनी

**राजेन्द्र नगर पुलिस ने की कार्रवाई**

**एक की कार से मिला ज़िंदा कारतूस लोडेड पिस्टल**

कॉलोनी, राजेन्द्र नगर है, जिसके पास से स्टीलनुमा धारदार चाकू और वीवो कंपनी का एक मोबाइल बरामद किया मोबाइल की अनुमानित कीमत 20 हजार बताई गई है. तीसरा आरोपी करण वर्मा उम्र 22, निवासी प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्रेजर फैंटेसी, केट रोड है, जिसके कमर से एक लोहे का धारदार 'तड़तड़ी' चाकू जब्त किया. पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है, प्रारंभिक पूछताछ में इनके आपराधिक नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है.

# खजराना में एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप बरामद, दो गिरफ्तार

## आरोपियों को रिमांड पर लेकर जुटाई जा रही सप्लाई नेटवर्क की जानकारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही खजराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने वाघेला गार्डन सर्विस रोड इलाके से दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 11 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स और एक महंगी स्कूटी जब्त की गई. जब्त माल की कीमत करीब 1.90 लाख रुपए आंकी गई है. मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर ड्रग्स की सप्लाई व नेटवर्क की जानकारी ली जा रही है.**

खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि यह कार्रवाई डीसीपी हंसराज सिंह और एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में एक गठित टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की. पुलिस को वाघेला गार्डन सर्विस रोड पर दो संदिग्ध युवक एक स्कूटी के पास खड़े दिखाई दिए, जो टीम को देखकर भागने लगे. घेराबंदी कर दोनों को







पकड़ा. तलाशी में उनके पास से 11 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स मिला जिसकी कीमत 1,10,000 रुपए बताई गई है. इसके अलावा सुजुकी कंपनी की इवनिस स्कूटी कीमत लगभग 80 हजार भी जब्त की गई. पकड़े गए आरोपियों में रियाज उर्फ सोनू पिता शब्बीर खान, उम्र 30 वर्ष, निवासी 7 ताज नगर बी, खजराना वर्तमान में जम जम चौराहा, लेडी हलीमा अस्पताल के सामने, आरोपी ड्राइवरी करता है और पांचवीं तक पढ़ा है. दूसरा आरोपी सैयद रेहान पिता सैयद लुकमान, उम्र 24 वर्ष, निवासी ममता कॉलोनी, एमआर बेकरी के पास, खजराना, यह आरोपी पेशे से बावर्ची है और तीसरी कक्षा तक पढ़ा है. प्राथमिक पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे खुद भी नशे के आदी हैं और जल्दी पैसा कमाने के लालच में एमडी ड्रग्स की तस्करी करने लगे. पुलिस ने इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है. अब पुलिस आरोपियों से ड्रग्स की सप्लाई चेन, स्त्रोत और अन्य नेटवर्क की जानकारी जुटाने के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. अन्य संभावित आरोपियों की संलिप्तता की भी जांच जारी है.

# स्पा सेंटर की आड़ में संदिग्ध गतिविधियां, दबिश दी

## गुमास्ता नियमों का उल्लंघन, संचालक और रिसेप्शनिस्ट पर प्रकरण दर्ज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पॉश इलाके पिपल्याहाना की एक कमर्शियल बिल्डिंग में संचालित द डॉलफिन सैलून एंड स्पा सेंटर पर पुलिस ने छापा मारते हुए अनियमितताओं के चलते दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. स्पा सेंटर के पास गुमास्ता तो था, लेकिन उसकी शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा था और कर्मचारियों की जानकारी थाने को नहीं दी गई थी. पुलिस ने दोनों आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए गुमास्ता निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है.**

खजराना थाना क्षेत्र की स्कीम नंबर 94 स्थित मेहरा मार्बल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर संचालित इस स्पा को लेकर पुलिस को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं. इसी सिलसिले में एएसआई संजय चौहान को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके बाद टीम ने मौके पर दबिश दी. अंदर कुछ युवक काम करते मिले,



जिन्होंने अपने नाम देव और अजय बताए. पूछताछ में संचालक ने अपना नाम कृष्णा राजपूत पिता नानकचंद्र उम्र 30 वर्ष निवासी स्कीम 94 और रिसेप्शनिस्ट ने अपना नाम अजय सैनी पिता जगदीश उम्र 30 वर्ष निवासी कुलकर्णी भट्टा माली मोहल्ला बताया.

पुलिस ने जब स्पा संचालन के दस्तावेज मांगे तो गुमास्ता प्रमाण पत्र तो दिखाया, लेकिन जांच में सामने आया कि नियमों की अवहेलना की गई है. न तो कर्मचारियों की जानकारी थाने को दी गई थी और न ही अन्य शर्तों का पालन किया जा रहा है.

इसे पुलिस आयुक्ते के आदेश का उल्लंघन मानते हुए दोनों के



खिलाफ प्रकरण दर्ज किया किया है. थाना प्रभारी मनोज सेंधवा ने बताया कि अब गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है. साथ ही दोनों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है. इस कार्रवाई को जोन-2 के डीसीपी हंसराज सिंह, एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह और सहायक पुलिस आयुक्त खजराना कुंदन मंडलोई के निर्देशन में अंजाम दिया गया.

# सरकारी स्कूल में पढ़ी निर्धन कन्या बनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर

## सांवेर की समाजसेवी महिला प्रतिभा जैन की सहायता और मार्गदर्शन बना बेटी का संबल

**सांवेर.** सांवेर के बावलियाखेड़ी गाँव के निर्धन दलित परिवार में जन्मी एक बेटी गुदड़ी की लाली के रूप में सामने आई है. माँ रुखमा और पिता भंवरलाल की बेटी भावना चौहान नाम की यह बेटी अब न केवल साफ्टवेयर इंजीनियर बन गई है बल्कि पुणे की एक प्रतिष्ठित कंपनी में लाखों का पैकेज भी हासिल कर चुकी है. भावना की इस मेधा को उसकी 'ताईजी' ने उसके स्कूल के दिनों में ही पहचान लिया था और इसको आगे बढ़ाने के लिए हर जरुरी सहायता उपलब्ध कराने की ठान ली थी

कहते हैं बच्चे में मेधा हो और वांछित माहौल और मदद मिल जाए तो उसे कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता. सांवेर के उत्कृष्ट कन्या हायरसेकण्ड्री स्कूल से विज्ञान-



गणित विषय से 90 प्रतिशत अंक हासिल करके हायरसेकण्ड्री परीक्षा पास करने के बाद इस छात्रावासी लड़की की प्रतिभा को सांवेर की समाजसेवी महिला प्रतिभा पारस जैन (जिन्हें भावना प्यार से ' ताईजी ' कहती है) ने ताड़ लिया था कि इस लड़की को आगे पढ़ाकर कुछ बनाना है.

प्रतिभा जैन बताती है कि एक दिन जब वे सांवेर के बालिका छात्रावास में गई तो भावना नाम की इस लकड़ी की नोटबुक में बेहद सुंदर लेखन देखा था तभी से प्रभावित थी. जब हायरसेकण्ड्री परीक्षा को भावना ने प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी मेधा को प्रकट किया तो इसे एक प्रकार से गोद लेकर इंजीनियर बनाने का संकल्प ले लिया. श्रीमती जैन ने कहा कि भावना को प्रेरित करने के साथ आवश्यक आर्थिक सहायता करते हुए इंदौर में कोचिंग पर भेजी और उससे नीट की परीक्षा दिलवाई. इस परीक्षा में भी इसने कामयाबी हासिल की और इंदौर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंजिनियरिंग कॉलेज में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया. लेकिन अब उसके अभिभावक इतनी उच्चस्तर की पढ़ाई करवाने को राजी नहीं हो रहे थे कि सबसे बड़ी समस्या तो हजारों की फ़ीस का भुगतान और दूसरी सामाजिक दिक्कत कि ज्यादा पढ़ लेगी तो शादी में तकलीफ होगी.

### पुणे की कंपनी के 16 लाख का पैकेज!

भावना ने अपनी ताईजी से प्राप्त सहायता, संबल और मार्गदर्शन से डीएवीवी से सोफ्टवेयर इंजीनियर की न केवल डिग्री हासिल कर ली बल्कि कॉलेज कैंपस में ही प्लेसमेंट में उसे पुणे की क कंपनी से 16 लाख के पैकेज का ऑफर मिल गया है. लेकिन प्रतिभा जैन ने बताया कि भावना अभी 6 महीने कंपनी ज्वाईन नहीं करेगी बल्कि इंदौर के आईटी पार्क में इंटर्नशिप करेगी.



# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन

**इंदौर. थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप इंदौर हर त्योहार थैलीसीमिया पीड़ित बच्चो के साथ मनाता आया है. राखी और फ्रेंडशिप डे दोनों का सेलीब्रेट किया।**

वार्ड में भर्ती सभी चालीस बच्चो को राखी बांधकर मिठाई, फल, बिस्किट केक चिप्स और थालियाँ गिफ्ट की. डॉ. रजनी भंडारी के साथ पूर्णिमा राउत, पद्मा विजयवर्गीय, सुषमा मलिक, चंदा शर्मा, फ़िरदौस नाहिद, प्रेरणा शेन्त्रे, पुष्पा अग्रवाल ने सभी को राखी बांधी और आशीर्वाद दिया.

सभी बच्चों को वार्ड का स्वच्छ रखने की समझाइश दी गई. संचालन डॉ. रजनी भंडारी ने किया. आभार माना सुषमा मलिक ने.

# हनुमान चालीसा का 100वां महापाठ आज

**इंदौर.** जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहता की प्रेरणा से श्री हनुमान चालीसा महापाठ का 100वां अनूठा आयोजन रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर इंदौर में होगा. आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सिंघानिया ने बताया जीवन प्रबंधन समूह तथा महापाठ आयोजन समिति के तत्वावधान में विशेष तिथियों पर देश के आठ प्रमुख नगरों में होने वाले हनुमान चालीसा महापाठ की कड़ी में प्रतिवर्ष रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर महात्योहार एक शाम शाम रिश्तों के नाम से इंदौर में होने वाला यह 14 वां आयोजन है. राष्ट्रीय समन्वयक ओमप्रकाश पसारी ने बताया कि 8 अगस्त की शाम 7 से 8.30 बजे तक रवींद्र नाट्यगृह में होने वाले आयोजन में पं. मेहता अपने विशेष व्याख्यान में रामचरित मानस के किष्किंधा कांड में श्रीराम-लक्ष्मण संवाद को केंद्र में रखते हुए बताएंगे जब अपने परिवार के सदस्यों के साथ हों, रिश्तों का निर्वहन कर रहे हों, तो



हमारी चर्चा का आधार भक्ति, वैराग्य, राजनीति और ज्ञान होना चाहिए. जिसने रिश्तों के महत्व और गरिमा को समझकर निभाना सीख लिया, उसका पारिवारिक जीवन शांति से भर जाता है. राष्ट्रीय संयोजक सीमा मुछाल एवं रोहित सोमानी ने जानकारी दी कि इससे पहले संस्कार टीवी पर होने वाले सीधे प्रसारण के माध्यम से देश-दुनिया के करोड़ों भक्त जुड़कर एक साथ एक ही समय में हनुमान चालीसा का महापाठ करेंगे. विवेक मेहता की भजन संध्या भी महापाठ से पहले शाम 6 बजे प्रसिद्ध भजन गायक विवेक मेहता अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को भक्तिरस का पान करवाएंगे.

एक नजर में

**13 वर्षीय जैन बाल मुनि रविवार को बनाएंगे विश्व कीर्तिमान**

# सैकड़ों सवालों को सुनकर उन्हें तत्काल वहीं पर दोहराएंगे

**इंदौर. शहर में 10 अगस्त को सुबह 8.30 बजे से रेसकोर्स रोड स्थित अभय प्रशाल स्टेडियम पर जैनाचार्य नयचंद्रसागर सूरीधर की पावन निश्रा में गणिवर्य डॉ. अजीतचंद्र सागर की प्रेरणा से एक 13 वर्षीय मुनिराज विजयचंद्र सागर सैकड़ों सवालों को मुंहजबानी याद रखकर तत्काल उन्हें दोहराएंगे, बल्कि सीधे क्रम में, उल्टे क्रम में और रेंडम क्रम में भी उन सभी सवालों या पूछी गई बातों को सुपर कम्प्यूटर की तर्ज पर स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों और श्रोताओं के बीच प्रस्तुत भी करेंगे. यह एक अनूठा विश्व कीर्तिमान बनेगा.**

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राजस्थान के पूर्व खनिज मंत्री प्रमोद भाया जैन, देवास के सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी एवं महाराष्ट्र हाईकोर्ट के पूर्व न्यायामूर्ति कमल किशोर तातेड़ सहित अनेक विशिष्टजन इस आयोजन में शामिल होंगे।

आयोजन समिति की ओर से समाजसेवी ललित सी. जैन, अक्षय सुराना, निशांत कोठारी, दिलीप शाह एवं संदीप पोरवाल ने जैनाचार्य नयचंद्रसागर सूरीधर एवं गणिवर्य डॉ. अजीतचंद्र सागर के सानिध्य में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शहर में पहली बार हो रहे इस अनूठे आयोजन के साक्षी बनने के लिए देश के 50 वैज्ञानिक, बैंगलुरू के 'न्यूरोलॉजिकल साइंटिस्ट रिसर्च सेंटर' से जड़े वैज्ञानिक एवं चिकित्सक, इसरो के वैज्ञानिक, आयकर एवं जीएसटी अधिकारी तथा अभिभाषक एवं विभिन्न कालेजों के विभाग प्रमुख सहित अनेक विशिष्ट और गणमान्य लोग भी इंदौर आ रहे हैं.

इनमें डॉ. सुरेन्द्रसिंह पोखरना, नरेन्द्र भंडारी, मुंबई के न्यूरोलॉजिस्ट पद्मश्री डॉ.सुधीर शाह, जसलोक हास्पिटल मुंबई के न्यूरोसर्जन डॉ. परेश डोशी एवं डॉ. नरेन्द्र भंडारी जैसे नाम प्रमुख हैं. इनमें डॉ. शाह, डॉ. डोशी एवं डॉ. भंडारी ने भी पुष्टि की है कि जिनशासन की साधना, संयम और एकाग्रता से स्मरण शक्ति में चमत्कारिक वृद्धि होती है. इस रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए सरस्वती साधना रिसर्च फाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा इंदौर सहित देशभर में स्कूली बच्चों पर इसका प्रयोग करने की योजना बनाई गई है.



### पहला शब्द दीक्षा बोला

बाल मुनि विजयचंद्र सागर का जन्म कोटा (राज.) में हुआ है जब से बोलना सीखा, तब से पहला शब्द दीक्षा बोला 8 वर्ष की आयु में उन्होंने गुरू का हाथ पकड़ लिया. उनकी शिक्षा कर्नाटक के मैसूर में हुई और दस वर्ष की उम्र में उन्होंने दीक्षा ग्रहण की. इतनी कम उम्र से ही उनकी दिलचस्पी जिनशासन के प्रति लगातार बढ़ती रही और अब वे विश्व के पहले ऐसे बाल मुनि बन रहे हैं, जो एक साथ 300 से अधिक सवालों को मुंहजबानी याद रख तत्काल उन्हें उल्टे-सीधे और रेंडम क्रम में दोहराने का चमत्कार दिखाकर क्वांटम कम्प्यूटर की तरह स्मरण शक्ति का प्रदर्शन करेंगे.